Dainik Jagran-New Delhi- 27-04-2011

# डीटीयू के बीटेक पार्टटाइम कोर्सों में दाखिले शुरू

नई दिल्ली, जागरण संवाददाता : दिल्ली टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी (डीटीयू) ने सत्र 2011-12 के लिए पार्टटाइम बीटेक कोर्सों में दाखिला प्रक्रिया की घोषणा कर दी है। चार कोर्सों में 147 सीटों के लिए अभ्यर्थी 23 मई तक आवेदन कर सकते हैं। दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा 26 जून को होगी।

डीटीयू प्रवक्ता रश्मि सेबलेनिया ने बताया कि इन कोर्सों की कक्षाएं विवि में शाम छह से नौ बजे तक लगेंगी। इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय डिप्लोमा करने वाले अभ्यर्थी दाखिले के लिए आवेदन कर सकते हैं। कोर्स करने के बाद उसे बीटेक की डिग्री दी जाएगी। अभ्यर्थी के 55 फीसदी अंक होने अनिवार्य हैं, जबकि एससी /एसटी आवेदनकर्ताओं के 45 फीसदी अंक होने जरूरी हैं। अभ्यर्थी को कम से कम एक साल इंजीनियरिंग कार्य का अनुभव हो। दाखिले के लिए विवि से इन्फोर्मेशन बुलेटिन और दाखिला फॉर्म दोपहर दो बजे से शाम सात बजे तक मिलेंगे व जमा होंगे। इसके लिए अभ्यर्थी को 1000 रुपये का बैंक ड्राफ्ट देना होगा।

**◆ चार कोर्सों में 147 सीटों के लिए अभ्यर्थी 23 मई तक कर सकते हैं आवेदन**

| कोर्स | सीटों की संख्या |
|---|---|
| सिविल इंजीनियरिंग | 37 |
| इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग | 36 |
| मेकेनिकल इंजीनियरिंग | 37 |
| इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग | 37 |

डाक द्वारा फॉर्म मंगाने के लिए अभ्यर्थी को 11 सौ रुपये का डिमांड ड्राफ्ट भेजना होगा। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट डीसीई डॉट इडीयू पर सर्च करें।